Information document

# कार्यालय-जिला क्रीड़ाधिकारी जिला खेल कार्यालय चम्पावत

## कान्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षक चयन हेतु अल्पकालिक प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या-563/VI-3/2024-30(14)2022 दिनांक 11 जुलाई, 2024 एवं खेल निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक संख्या-65/कॉ0 कोच0पत्रा0/2025-26/दिनाक-08 अप्रैल 2025 तथा जिलाधिकारी महोदय चम्पावत द्वारा दिये गये अनुमोदन दिनांक-10 अप्रैल 2025 के क्रम में जिला खेल कार्यालय चम्पावत द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु खिलाडियों की प्रतिभा को खोजने, परखने, निखारने, प्रोत्साहित करने एंव उचित मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से निम्नलिखित प्रशिक्षण स्थलों/केन्द्रों में उनके नाम के सम्मुख अंकित खेलों के प्रशिक्षण शिविरों के साथ ही योगासन प्रशिक्षण शिविर संचालित करने हेतु कान्ट्रैक्ट प्रशिक्षकों हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

| क्र.सं. | प्रशिक्षण स्थल/केन्द्र का नाम | खेल का नाम |
|---|---|---|
| 1. | स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर | बाक्सिंग, क्रिकेट, हाकी ताईक्वान्डो, वालीबाल बैडमिन्टन । |
| 2. | मिनी स्टेडियम बनबसा | फुटबाल, कराटे। |
| 3. | गोरल चौड मैदान चम्पावत | क्रिकेट |
| 4. | स्पोर्ट्स स्टेडियम (छमनिया) लोहाघाट | फुटबाल, क्रिकेट, वालीबाल, बैडमिन्टन, कराटे, बाक्सिग, हॉकी । |

- यदि विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरान्त खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून / जिला प्रशासन चम्पावत से प्रशिक्षण शिविरों के संचालन के सम्बन्ध में संशोधित दिशा-निर्देश प्राप्त होते है तो उक्त हेतु निर्धारित शर्तों / नियमों में आवश्यक संशोधन किया जायेगा।
- प्रशिक्षकों की आयु 15 अप्रैल 2025 को 21 वर्ष से अधिक तथा 70 वर्ष (शारीरिक एवं मानसिक स्वाथ्य को दृष्टिगत रखते हुए) निर्धारित है। तथा सरकारी एंव गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को कान्ट्रैक्ट प्रशिक्षक के रूप में चयनित नही किया जायेगा।
- कान्ट्रैक्ट प्रशिक्षक चयन हेतु केवल उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थायी निवासी ही पात्र होगें।
- आवेदन पत्र का प्रारूप जिला खेल कार्यालय चम्पावत से किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 24 अप्रैल 2025 की सायं 5.00 बजे तक जिला खेल कार्यालय चम्पावत में होगी। उक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- समस्त अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों/अभिलेखों का परीक्षण दिनांक-30 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे किया जायेगा, जिसमें सभी अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित स्वंय उपस्थित रहना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रशिक्षक को 01 खेल में तथा एक प्रशिक्षण स्थान हेतु आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र एंव अन्य जानकारी / नियम शर्ते किसी भी कार्यदिवस में जिला खेल कार्यालय चम्पावत में देखी जा सकती है।

पत्रांक-38/प्रे.विज्ञप्ति/2023-24 दि. 10.04.2025

प्र0 जिला क्रीड़ाधिकारी, चम्पावत।

Please verify all job details directly with the employer. We are not responsible for any discrepancies